# MOOREBANK LOGISTICS PARK

SIMTA | SYDNEY INTERMODAL TERMINAL ALLIANCE

Hindi

**Moorebank Logistics Park (MLP) ऑस्ट्रेलिया का सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक और इंटरमॉडल परिसर है। ऑस्ट्रेलिया में इतने पैमाने और क्षमता का यह पहला परिसर है और यह देश की सप्लाई चेन (आपूर्ति शृंखला) को बदल देगा, सड़कों से हजारों-लाखों ट्रकों को हटा देगा और साथ ही अधिक कुशल और टिकाऊ प्रोसेसिंग (संसाधन) और माल की डिलीवरी प्रदान करके व्यवसायों और उपभोक्ताओं के लिए लागत कम करेगा।**



## दिसम्बर 2022 अपडेट (नवीनतम जानकारी)

### वेयरहाउस और आधारभूत संरचना के विकास का अपडेट

Moorebank Precinct East (MPE) के दक्षिण-पूर्वी कोने में दो गोदामों पर निर्माण कार्य प्रगति पर है। इन गोदामों के 2023 के मध्य तक पूरा होने की उम्मीद है। जैसा कि हमारे सितंबर के अपडेट में बताया गया था, इस गोदाम के विकास का हिस्सा वैश्विक रसद प्रदाता, Mainfreight द्वारा लीज़ (किराए) पर दिया और विकसित किया जाएगा।

इन गोदामों के पूरा होने के बाद, गोदाम विकास का अगला चरण Moorebank Precinct East (MPW) पर केंद्रित होगा। इस परिसर के उत्तर में गोदामों के निर्माण के इंतजाम की प्रक्रियाएं आरम्भ हो गई है। आगे के अपडेट 2023 की शुरुआत में प्रदान किए जाएंगे।

MPW में वेस्टर्न रिंग रोड के साथ शोर रोकने वाली दीवार आकार लेने लगी है और इसे 2022 के अंत तक पूरा कर लिया जाना चाहिए।

### सड़क सुधार

MLP परिसर के आसपास यातायात और माल ढुलाई के बेहतर प्रवाह का समर्थन करने के लिए, सड़क के बुनियादी ढांचे में कई महत्वपूर्ण सुधारों की योजना बनाई जा रही है या चल रही है।

Moorebank Avenue और Anzac Road के चौराहे के सुधार पर काम अच्छी तरह से प्रगति कर रहा है, जिसमें स्टॉर्मवाटर इंस्टॉलेशन, उपयोगिता सेवा स्थानांतरण और मिट्टी की खोदाई के काम चल रहे हैं। यह अपग्रेड MLP में और उसके आस-पास एक सिग्नलयुक्त चौराहा प्रदान करके और Moorebank Avenue पर ट्रैफ़िक लेन की संख्या बढ़ाकर एक्सेस (पहुंच) में सुधार करेगा।

Anzac Road चौराहे के काम के हिस्से के रूप में MPW में बनाई जा रही नई सड़क को आधिकारिक तौर पर लिवरपूल काउंसिल द्वारा Bushmaster Avenue नाम दिया गया है।

Bapaume Road के अपग्रेड काम अच्छी तरह से प्रगति कर रहे हैं और एक बार पूरा हो जाने पर MPW को प्राथमिक निर्माण मार्ग प्रदान करेगा। Chatham Avenue इस समय बंद रहेगा, जिसके मार्च 2023 में पूरा होने की उम्मीद है। उम्मीद है कि Bushmaster Avenue, जो MPW में सिग्नलयुक्त पहुंच प्रदान करेगा, 2023 के मध्य के आसपास खुला होगा।

डिजाइन चरणों के माध्यम से Moorebank Avenue का पुनर्निर्माण प्रगति पर है। National Intermodal Corporation (नेशनल इंटरमॉडल कॉर्पोरेशन) ने GHD को प्रोजेक्ट मैनजरों के रूप में नियुक्त किया है और जो वर्तमान में इंजीनियरिंग डिजाइन को अंतिम रूप दे रहे हैं।

### M5 वेस्टबाउंड अपग्रेड (M5WBU)

Transport for NSW पश्चिम की ओर जाने वाले मोटर चालकों के लिए M5 मोटरवे को बेहतर बनाने की योजनाओं को आगे बढ़ा रहा है। M5WBU प्रोजेक्ट टीम सितंबर 2022 में मिले पर्यावरणीय समीक्षा (Review of Environmental Factors, REF) सबमिशन (प्रस्तुति) की समीक्षा करना जारी रखे हुए है और सबमिशन रिपोर्ट तैयार करना शुरू कर रही है। समवर्ती रूप से, प्रोजेक्ट टीम 100% कॉन्सेप्ट (परिकल्पना) डिज़ाइन पर काम कर रही है। सबमिशन रिपोर्ट को 2023 की शुरुआत में अंतिम रूप दिया जाएगा। जिस किसी ने सबमिशन किया है और प्रोजेक्ट अलर्ट के लिए पंजीकृत किया है, उन्हें इससे प्रकाशित होने पर सूचित किया जाएगा।

प्रोजेक्ट अपडेट **nswroads.work/m5motorwaywestbound** पर मिल सकते हैं

### अंतरराज्यीय इंटरमॉडल रेल टर्मिनल

स्टोर्मवाटर (तूफान के पानी), अर्थवर्क (मिट्टी की खोदाई के काम) और यूटिलिटी (जनोपयोगी सेवाओं) की स्थापना के कार्य प्रगति पर हैं और उनके नए साल के आरम्भ में पूरे हो जाने की उम्मीद है, जिससे फुटपाथ और रेल के इंफ्रास्ट्रक्चर (मूलभूत व्यवस्थाओं) के कार्यों को शुरू किया जा सकेगा।

रेल के इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण की तैयारी में, वेल्डिंग और टर्नआउट निर्माण सहित रेल निर्माण के लिए साइट क्षेत्रों की स्थापना की गई है।

दक्षिणी सिडनी फ्रेट लाइन (माल ले जाने वाली लाइन) के बंद होने के दौरान 14.5 कि.मी. रेल ट्रैक के रेलसेट द्वारा नवंबर के दौरान एक माइलस्टोन (विशिष्ट उपलब्धि) हासिल किया गया जो साइट पर IMEX संचालनों के लिए किसी भी संभावित रुकावट को कम करने के लिए था।



# स्थिरता और समुदाय



## नवीकरणीय ऊर्जा

LOGOS को हाल ही में Solar Bay के साथ अपनी साझेदारी की घोषणा करके खुशी मिलती है जिसके माध्यम से वे MLP पर ऑस्ट्रेलिया के सबसे बड़े सौर पैनल को विकसित करके और माइक्रो-ग्रिड की स्थापना इसके संचालन को शुद्ध शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने देता है।

आने वाले वर्षों में, रिन्यूएबल ऊर्जा के साथ एम्बेडेड नेटवर्क की आपूर्ति करने के लिए 150MW बैटरी ऊर्जा भंडारण के साथ-साथ पूरे एस्टेट में 60MW रूफटॉप सोलर स्थापित किया जाएगा। इस रूफटॉप सौर और बैटरी ऊर्जा की संयुक्त शक्ति NSW में 40,000 घरों के बराबर बिजली देने के लिए पर्याप्त स्वच्छ ऊर्जा उत्पन्न करेगी, जिससे प्रत्येक वर्ष अनुमानित 67.2 किलोटन CO2 एमिशन्स (उत्सर्जन) से बचा जा सकेगा।



## स्थानीय लोगों के लिए स्थानीय नौकरियां

Precinct Partners (परिसर सहभागी) हमारे स्टेकहोल्डरों (हिस्सेदारों) के साथ वर्तमान और भविष्य के लिए एक कुशल कार्यबल तैयार करने के लिए काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अब हम अपने स्टेकहोल्डरों के साथ कई विकल्पों पर विचार-विमर्श कर रहे हैं, जिनमें शामिल हैं:

- आधुनिक लोजिस्टिक्स श्रृंखला में उपलब्ध संभावित रोजगार के अवसरों की सीमा को समझने में स्थानीय लोगों की मदद करने के लिए धन लगाना
- अनुरूप प्रशिक्षण और प्रमाणपत्र प्राप्त करने के अवसर प्रदान करने के लिए स्थानीय संगठनों के साथ साझेदारी के विकल्पों की तलाश करना
- यह सुनिश्चित करने के लिए ठेकेदारों और किरायेदारों के साथ काम करना कि वे स्थानीय लोगों और प्रशिक्षण प्राप्त करने वालों को रोजगार दें।



## बायोडायवर्सिटी (जैव विविधता)

MLP में बायोडायवर्सिटी मूल्यों को संरक्षित किया जा रहा है और परिसर के आसपास के 105 हेक्टेयर बायोडायवर्सिटी ऑफसेट क्षेत्रों के संरक्षण के माध्यम से बढ़ाया जा रहा है। यह बायोबैंकिंग क्षेत्र, जो रॉयल बोटेनिक गार्डन के आकार से तीन गुना अधिक है,  क्षेत्र में विभिन्न पौधों और जानवरों की प्रजातियों को निरंतर आवास प्रदान करेगा। National Intermodal (नेशनल इंटरमोडल) की ओर से Eco Logical Australia (इको लॉजिकल ऑस्ट्रेलिया) द्वारा पर्यावरणीय कार्य किया जा रहा है और आज तक उन्होंने प्रांत में कई प्राथमिकता वाले क्षेत्रों में विदेशी वनस्पति हटाने और वीड (जंगली घास-फूस) की छँटाई का काम पूरा कर लिया है।



## समावेशी सामुदायिक खेल के मैदान

National Intermodal को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि वह Play for All Australia के साथ साझेदारी करेगा, जो कि एक सामाजिक एंटरप्राइज (उद्योग) उद्देश्य के लिए है और लिवरपूल सिटी काउंसिल को Play It Forward कार्यक्रम के भाग के रूप में दो समावेशी झूलों का आयोजन करने के लिए कहेगा। Play for All Australia ने कई स्थानीय खेल के मैदानों में छोटे बच्चों के लिए समावेशी झूलों की सीटों न होने की पहचान की है और यह सुनिश्चित करने के लिए स्थानीय व्यवसायों के साथ काम कर रहे हैं कि सभी क्षमताओं के बच्चों को खेल से आने वाले सामाजिक, संज्ञानात्मक और भावनात्मक लाभों तक पहुंच प्राप्त हो। इसमें विकलांग बच्चों को शामिल किया गया है। 2023 में पहल शुरू होने पर नेशनल इंटरमॉडल Moorebank क्षेत्र में झूलों की सीटों के और बेहतरी का समर्थन करने के लिए तत्पर है।



*MPE गोदाम की छत पर सोलर पैनल लगाए जा रहे हैं*

# अगले 3 महीने में होने वाली प्रमुख निर्माण गतिविधियां

MLP साइट आम तौर पर 22 दिसंबर 2022 और 3 जनवरी 2023 के बीच छुट्टी की अवधि में निर्माण गतिविधियों के लिए बंद रहेगी। सामग्री और उपयोगिता कार्यों के आयात की अनुमति देने के लिए इसमें अपवाद हो सकते हैं।

| गतिविधि (परिवर्तन के अधीन) | दिसंबर | जनवरी | फ़रवरी |
|---|---|---|---|
| Moorebank Avenue, Anzac Road और Bapaume Road में उपयोगिता सेवाओं का स्थानांतरण* | ● | ● | ● |
| हेलीकाप्टर लिफ्टस** | ● | | ● |
| MPW में गोदामों के निर्माण/विकास में सहायता के लिए मिट्टी की खोदाई के कार्य | ● | ● | ● |
| MPE और MPW पर मौजूदा गोदामों का विकास जारी है | ● | ● | ● |
| अंतरराज्यीय इंटरमोडल रेल टर्मिनल के लिए मिट्टी की खुदाई, स्टोर्मवाटर (तूफ़ान के पानी) और उपयोगिता स्थापना के काम | ● | ● | ● |

* निर्माण के सामान्य घंटों के बाहर

** सामुदायिक फीडबैक (प्रतिक्रिया) के जवाब में LOGOS सामान्य निर्माण घंटों के भीतर हेलीकॉप्टर गतिविधियों का संचालन करने का इरादा रखता है। जहां कर्मचारी सुरक्षा के लिए अस्वीकार्य जोखिम है, वहां इन गतिविधियों को घंटों के बाहर करने की आवश्यकता हो सकती है। इस घटना में, प्रभावित निवासियों को लेटरबॉक्स में सूचना डालकर और SIMTA वेबसाइट के माध्यम से सूचित किया जाएगा।

**आपका धन्यवाद**

**समुदायक परामर्शदाता कमेटी के सदस्यों को 2022 तक MLP के विकास में अपना समय देने और इनपुट (विचार प्रदान) देने के लिए धन्यवाद।**



*Moorebank Precinct West (MPW) निर्माणाधीन*

# संचालन और निर्माण के घंटे

इंटरमॉडल सुविधा (आयात निर्यात टर्मिनल और वेयरहाउसिंग सहित) के स्वीकृत संचालन घंटे सप्ताह में 7 दिन 24 घंटे हैं।

स्वीकृत निर्माण कार्य घंटे* इस प्रकार हैं:



**Moorebank Precinct West**


- सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 - शाम 6 बजे
- शनिवार: सुबह 8 बजे - दोपहर 1 बजे

**Moorebank Precinct East**

- सोमवार से शुक्रवार: सुबह 7 - शाम 6 बजे
- शनिवार: सुबह 7 बजे - दोपहर 1 बजे

** इन घंटों के बाहर किसी भी नियोजित कार्य की सूचना SIMTA वेबसाइट या लेटरबॉक्स में सूचना डालने के माध्यम से अग्रिम रूप से दी जाएगी।*

# समुदाय पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करना



साइट पर हम हमेशा के लिए सहमति की शर्तों के भीतर काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और MLP के संचालन और निर्माण गतिविधियों से उत्पन्न होने वाले शोर, कंपन और धूल जैसे प्रभावों को कम करने का लक्ष्य रखते हैं। हम कई मापदंडों  का उपयोग करके ऐसा कर रहे हैं जिनमें शामिल हैं:

- MLP परिसर को डिज़ाइन करना ताकि IMEX और अंतरराज्यीय रेल टर्मिनल साइट के केंद्र में स्थित हों, और एक बार पूरी तरह से विकसित हो जाने पर, यह परिसर वेयरहाउसिंग से घिरा होगा जो शोर अवरोधक के रूप में भी कार्य करेगा। परिसर के कुछ हिस्सों में अन्य शोर बाधा संरचनाओं जैसे कंटेनर ढेर और शोर अवरोधक दीवारों का उपयोग किया जाता है।
- शांत संचालन के लिए इलेक्ट्रिक और स्वचालित क्रेन और ब्रॉडबैंड रिवर्सिंग अलार्म (quackers) जैसे शांत उपकरण।
- सार्वजनिक सड़कों पर गंदगी के निशान को कम करने के लिए पहियों की धुलाई।
- संघनन और/या उजागर क्षेत्रों के स्थिरीकरण के माध्यम से धूल को ख़त्म; और धूल के कणों के वायुजनित होने और साइट से दूसरी जगह जाने के जोखिम को कम करने के लिए सक्रिय निर्माण क्षेत्रों में पानी भरने के लिए पानी की गाड़ियों का उपयोग।
- यह पुष्टि करने के लिए निगरानी करना कि परियोजना शोर, कंपन और पानी की गुणवत्ता आवश्यकताओं के भीतर चल रही है।

# संपर्क करने के लिए

**अधिक जानकारी के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट: www.simta.com.au पर जाएँ**

**संपर्क करने, जानकारी का अनुरोध करने या शिकायत करने के लिए:**

**लिखे:**
Level 15, 207 Kent Street, Sydney, NSW, 2000

**फोन:**
1800 986 465

**ईमेल:**
moorebank@tsamgt.com